सफाईकर्मी की मौत के बाद भिण्ड में बवाल

आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाने और हत्या का केस दर्ज करने की मांग

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 30 मई। शहर के भवानीपुरा क्षेत्र में हुए हमले में घायल सफाईकर्मी राजू वाल्मीकि (50) की शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजन और स्थानीय लोगों ने एसपी कार्यालय के पास

परिजनों ने शव रखकर किया चक्काजाम, पुलिस पर लगाए आरोप

शव रखकर सड़क जाम कर दिया। भीड़ ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही हत्या की धाराओं में मामला दर्ज करने तथा बुलडोजर कार्रवाई की मांग की।

पांच से छह लोगों ने किया था हमला, गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर : घटना 21 मई की शाम की है, जब भवानीपुरा क्षेत्र में कुछ लोगों ने राजू वाल्मीकि पर लोहे के फावड़े, सरिए और लाठियों से हमला किया था। घायल हालत में राजू को पहले भिंड अस्पताल और फिर ग्वालियर रेफर किया गया, जहां शुक्रवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया।

चक्काजाम और हंगामे के बाद भारी पुलिस बल तैनात : घटना से आक्रोशित लोगों ने मृतक का शव लेकर एसपी कार्यालय पहुंचकर चक्काजाम कर दिया। मौके पर देहात, सिटी कोतवाली, फूप और बरोही थानों का पुलिस बल तैनात करना पड़ा। घंटों चली बातचीत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया तब जाकर जाम खत्म हुआ।

परिजनों का आरोप, पुलिस बचा रही आरोपियों को : मृतक के बेटे अजीत वाल्मीकि ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि रंजीत, धर्मवीर, रणवीर, विकास और विवेक वाल्मीकि अवैध हथियार, शराब और सट्टे के कारोबार में लिप्त हैं। उन्होंने बताया कि थाना सिटी कोतवाली प्रभारी ब्रजेन्द्र सिंह सेंगर ने आरोपियों से साठगांठ कर एफआईआर में केवल रंजीत का नाम दर्ज किया, बाकी आरोपियों को जानबूझकर बचा लिया गया।

बुलडोजर कार्रवाई की भी मांग : अजीत वाल्मीकि ने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों ने अवैध कब्जे वाले मकानों में हथियार और शराब का अवैध कारोबार चला रखा है। ऐसे मकानों पर भी बुलडोजर चलाया जाए और सभी आरोपियों को हत्या की धाराओं में गिरफ्तार किया जाए।

एसपी ने दिए निष्पक्ष जांच के निर्देश

एसपी असित यादव से मृतक के परिजनों ने मुलाकात की। एसपी ने मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया और जांच का जिम्मा देहात थाना पुलिस को सौंपा है। कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द कार्रवाई के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 30 मई। शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार में विकासखण्ड लहार के अंतर्गत जन शिक्षा केन्द्र लहार से सम्बद्ध समस्त संस्था प्रमुखों, जनशिक्षकों एवं संकुल सह समन्वयकों की उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड स्रोत समन्वयक अजय कुमार झा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में ब्लॉक सह समन्वयक जानकी नंदन समाधिया द्वारा भोपाल में दिनांक 26-27 मई को आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में प्राप्त निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 1 जून से 15 जून 2025 तक सभी सामाजिक चेतना केंद्रों पर डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य ग्राम प्रभारियों एवं स्टाफ के सहयोग से सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी असाक्षरों की प्रविष्टि एनआईएलपी ऐप पर पूर्णतः कराई जाए। अक्षर साथियों का पंजीकरण कर उन्हें ग्राम प्रभारियों द्वारा सत्यापित कराना अनिवार्य होगा। अधिक से अधिक अक्षर साथियों की नियुक्ति एवं सत्यापन कर पोर्टल पर दर्ज किया जाए। एनआईएलपी ऐप डाउनलोड कर, सभी अक्षर साथियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। अक्षर पोथी एवं संबंधित वीडियो सामग्री का उपयोग कर असाक्षरों को साक्षर बनाने में सक्रिय सहयोग दिया जाए। सामाजिक चेतना केंद्रों में नियमित कक्षाएं संचालित की जाएं, और असाक्षरों को आधुनिक साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। सभी कक्षाओं की मॉनिटरिंग एनआईएलपी ऐप पर फोटो सहित ऑनलाइन दर्ज की जाए। मॉनिटरिंग कार्य में बीआरसी, बीएसी, सीएसी, संकुल सह समन्वयक एवं ब्लॉक सह समन्वयक की जिम्मेदारी तय की गई है। जनगणना 2011 के आंकड़ों के आधार पर शत-प्रतिशत असाक्षर सर्वे कार्य को राज्य एवं जिला शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। इस दौरान बैठक में शिवमंगल दुबे, संतोष परिहार, ब्रजेन्द्र सविता, संजीव गुप्ता, संदीप शिवहरे, धर्मेन्द्र तिवारी, राकेश राठौर, नारायण सिंह बुंदेला के अलावा अन्?य लोग मौजूद रहे। इस बैठक के माध्यम से विकासखंड लहार में साक्षरता मिशन के तहत चल रहे कार्यों में गति लाने, पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

किसान उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर खेती करें : शुक्ला

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 30 मई। किसानों को आर्थिक उन्नति के लिए आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़ना होगा। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि देश तभी समृद्ध बनेगा जब किसान खुशहाल और आत्मनिर्भर होंगे। इसके लिए जरूरी है कि किसान भाई अब पारंपरिक खेती छोड़कर वैज्ञानिक और आधुनिक तरीके से खेती करें। वे सोमवार को ग्राम लाड़मपुरा में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र लहार और कृषि विकास विभाग की साझेदारी में हुआ।

मंत्री शुक्ला ने कहा कि सरकार गांव-गांव तक तकनीक पहुंचा रही है। अब वैज्ञानिक आपके द्वार आ रहे हैं, उनसे संवाद कर नई तकनीकों को अपनाएं। प्राकृतिक खेती, समन्वित कृषि, मृदा परीक्षण और फसल विविधता जैसे उपाय अपनाकर किसान आय बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में एसडीएम मेहगांव नवनीत शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ. एसपी सिंह, एसएडीओ संजीव चतुर्वेदी और तकनीकी सहायक पंकज सविता मंच पर मौजूद रहे। बड़ी संख्या में पुरुष और महिला किसान भी मौजूद रहे।

वैज्ञानिकों से जुड़ें, जागरूक बनें : कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि आज के समय में बिना वैज्ञानिक जानकारी के खेती करना घाटे का सौदा है। खेत की मिट्टी कैसी है, कौन सी फसल कब लगानी चाहिए, कितना खाद देना है ये सब जानकारी कृषि वैज्ञानिकों से लें।

कृषक महिलाओं ने भी दिखाई रुचि : कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला किसान भी शामिल हुईं। उन्होंने खेती की समस्याएं रखीं और अधिकारियों से समाधान भी जाना।

सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई : कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा परीक्षण योजना, जैविक खेती अभियान जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में किसानों को खेती से जुड़ी गाइडबुक और पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं। किसानों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम गांव-गांव में होने चाहिए ताकि हम नई तकनीकों को आसानी से समझ सकें।

मनरेगा घोटाले में बड़ी कार्रवाई, जिला समन्वयक हटाए गए

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 30 मई। जिले में मनरेगा योजनान्तर्गत हुई वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला समन्वयक (एसबीएम), जिला पंचायत भिंड राकेश खरे को उनके पद से पृथक कर दिया है। यह निर्णय उनके विरुद्ध लगे गंभीर आरोपों और बिना किसी वैध संविदा अनुबंध के किए जा रहे कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश खरे पूर्व में परियोजना अधिकारी (मनरेगा) के रूप में कार्यरत रहे थे। राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल द्वारा दिनांक 08 जनवरी 2024 को जारी कारण बताओ नोटिस के तहत उनसे जिले में मनरेगा के तहत 34.96 करोड़ रुपये की लंबित सामग्री भुगतान राशि के संदर्भ में स्पष्टीकरण मांगा गया था। इसके अलावा यह भी पाया गया कि उनके कार्यकाल के दौरान गैर अनुमत कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर भुगतान किया गया, जबकि कार्यस्थलों पर आवश्यक सूचना बोर्ड नहीं पाए गए और कार्यों की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं रही। राज्य स्तर से हुई जांच में यह तथ्य सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 तक जिले में कुल 2232.62 लाख रुपये की राशि सामग्री मद में लंबित थी, जिसमें से उनके कार्यकाल में मात्र 806 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया। साथ ही 394 लाख रुपये के देयकों को विलोपित भी किया गया। वहीं, 1855.15 लाख रुपये की राशि पूर्व वर्षों के गैर अनुमत कार्यों पर मनरेगा नियमावली के विरुद्ध खर्च की गई, जिसे लेकर खरे द्वारा कोई पूर्व-प्रक्रिया अथवा अनुमोदन परिषद स्तर से नहीं कराया गया। खरे द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त यह भी उल्लेखनीय है कि वे वर्तमान में किसी वैध संविदा अनुबंध के तहत कार्यरत नहीं थे। इस आधार पर कलेक्टर भिंड द्वारा जारी आदेश में उन्हें तत्काल प्रभाव से उनके पद से पृथक कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रशासन की जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है।

भगवान के द्वार हमेशा खुले रहते हैं : देवी चित्रलेखा

भिंड, 30 मई। भक्तों के लिए भगवान के द्वार हमेशा खुले रहते हैं। शास्त्रों की मान्यता के अनुसार मानव के शरीर छोड़ने पर वह भगवान के धाम को प्राप्त करता है। देवताओं का दिन उस समय होता है जब सूर्य दक्षिणायन होता है, तब देवता शयन करते हैं, लेकिन जो भगवान का भक्त होता है। उसके लिए हमेशा भगवान के द्वार खुले रहते हैं। यह बात मेहगांव के भुमिया सरकार मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करते हुए देवी चित्रलेखा ने कही। उन्होंने कलयुग की व्याख्या करते हुए कहा कि जब कलयुग शुरू हुआ तब राजा परीक्षित अपने राज में भ्रमण कर रहे थे। उन्होंने देखा किएक दुष्ट गाय और बछड़े पर अत्याचार कर रहा था। राजा ने उसे ऐसा करने से मना किया। तब वह बोला कि महाराज मैं कलयुग हूं मुझे आपके राज्य में थोड़ा सा स्थान चाहिए। राजन मैं तो अवगुणों का भंडार हूं, मेरे अंदर एक ही गुण है और वह यह है कि लोग तीनों युगों में कठिन जप, तप से प्राप्त करते हैं।

भूमिया सरकार पर चल रही कथा में शामिल हुए मंत्री राकेश शुक्ला

नवभारत न्यूज
मेहगांव, 30 मई। मेहगांव मेहगांव नगर के श्री भुमिया सरकार पर अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी चित्रलेखा जी के श्रीमुख से चल रही श्रीमद भागवत महापुराण की तृतीय दिवस की अमृतमयी कथा श्रवण करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा पंडाल में उपस्थित रहे।

आज के तृतीय दिवस व्यासपीठ की आरती भूमिया सरकार के महंत भगवती दास महाराज महामंडलेश्वर हरिओम दास महाराज ने की इसके पश्चात श्रीमद भागवत पुराण के सार को बताते हुये देवी चित्रलेखा जी ने भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच हुये संवाद के श्लोकों की व्याख्या करते हुये मनुष्य जीवन मे सुख, सुविधाओं की क्या आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि बुआ कुंती ने अपने लिये भगवान से दुख मांगा था क्योंकि दुख और सुख भगवान का ही प्रसाद है। आज की तृतीय दिवस की कथा मे महामंडलेश्वर श्री रामभूसण दास जी महाराज ने मंच से आशीर्वाद वचन दिए मध्यप्रदेश सरकार की कैबीनेट में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री और मेहगांव विधायक राकेश शुक्ला जी,ने कथा श्रवण की इस अवसर पर अशोक भारद्वाज, राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री, कमलेश कटारे, राहुल भदौरिया, गोहद विधायक केशव देसाई, राकेश त्यागी ठेकेदार, उपस्थित रहे।

हजारों लोगों के एक साथ भंडारे की व्यवस्था

कथा के पश्चात भुमिया सरकार पर प्रतिदिन हजारों लोगों के लिये एक साथ भंडारा प्रसादी की व्यवस्था की जाती है जिसमें एक हजार से भी ज्यादा भुमिया सरकार के लाडले परोसने की व्यवस्था में लगे रहे। जिसमे पहली बार मे ही सभी साधु संतों और महिलाओं को एक साथ भोजन कराया जाता है जिसके पश्चात पुरुषों को भंडारा प्रसादी ग्रहण कराई जाती है।

कल्याणपुर हत्याकांड 45 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

भिण्ड, 30 मई। देहात थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा गांव में 15 अप्रैल की रात एक रिटायर्ड फौजी की पत्नी की हुई हत्या का मामला 45 दिन बीत जाने के बाद भी अनसुलझा है। पुलिस न तो अब तक किसी आरोपी को गिरफ्तार कर पाई है, और न ही कोई ठोस सुराग हाथ लगा है, जिससे परिजनों में गहरा आक्रोश है।

यह था पूरा मामला : मृतका 63 वर्षीय सुशीला देवी, पत्नी हरीदास शर्मा रिटायर्ड फौजी की हत्या उस समय हुई जब वे घर की छत पर अकेली सो रही थीं। रात के अंधेरे में अज्ञात बदमाश पीछे के रास्ते से घर में दाखिल हुए और हत्या के बाद घर से लगभग साढ़े सात लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना के समय उनके पति नीचे कमरे में सो रहे थे, जबकि घर की बहुएं शहर गई हुई थीं। मृतका के परिजनों ने बताया कि उन्होंने कुछ संदिग्धों के नाम और अन्य अहम सुराग स्वयं पुलिस को उपलब्ध कराए, लेकिन पुलिस द्वारा न तो उन्हें गंभीरता से लिया गया और न ही किसी पर कार्रवाई की गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस वैज्ञानिक तरीकों से जांच नहीं कर रही और ना ही संदिग्ध व्यक्तियों से सख्ती से पूछताछ की गई है।

एसपी कार्यालय में सौंपा गया ज्ञापन : मृतका के बेटे अनिल शर्मा ने बताया कि परिवार ने डीएसपी दीपक तोमर को ज्ञापन सौंपा है और निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस परिवार से ही बार-बार पूछताछ कर रही है, जबकि संदिग्धों से कोई सवाल-जवाब नहीं हो रहा। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो परिवार आंदोलन का रास्ता अपनाएगा।

थाना प्रभारी का पक्ष : इस मामले में थाना देहात प्रभारी मुकेश शाक्य ने कहा कि हत्या और लूट के इस प्रकरण की जांच जारी है। अब तक कई लोगों से पूछताछ की जा चुकी है, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। हम जल्द ही अपराधियों को पकड़ने में सफल होंगे।

भूतपूर्व सैनिकों की उपेक्षा पर फूटा आक्रोश

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 30 मई। जिले में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं की अनदेखी को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। भूतपूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह

3 जून को सिटी पैलेस में सैनिकों की होगी बैठक

(से.नि.) ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि भिंड पुलिस द्वारा पूर्व सैनिकों की शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक और अपमानजनक है।

सैनिकों के साथ मारपीट और चोरियों के मामले बढ़े : राकेश सिंह कुशवाह ने बताया कि हाल के दिनों में पूर्व सैनिकों के साथ मारपीट, घरों में चोरी, और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियों की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस न तो समय पर पीड़ितों के कथन ले रही है, न ही सायबर सेल द्वारा पीएसटीएन डेटा कलेक्ट किया जा रहा है। कुछ मामलों में तो हत्या को आत्महत्या में बदलने तक की कोशिशें हुई हैं, जिससे पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों में भय का माहौल है।

रक्षक ही भक्षक बनेंगे तो समाज कैसे बचेगा : कुशवाह ने कहा कि कुछ थाना प्रभारियों की भूमिका बेहद शर्मनाक और पक्षपातपूर्ण रही है। पावई थाना सहित कई थानों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि शिकायतों के बावजूद भी पुलिस अधीक्षक द्वारा चुप्पी साधे रखना आश्चर्यजनक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि एसपी भिंड ने कई मामलों में अच्छा काम किया है, लेकिन पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना बेहद अफसोसनाक है।

3 जून को सैनिकों की बड़ी बैठक

राकेश सिंह कुशवाह ने जानकारी दी कि 3 जून को दोपहर 12 बजे, सिटी पैलेस, ग्वालियर रोड भिंड में जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। इसमें सैनिकों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में अजमेर सिंह भदौरिया कार्यकारी जिला अध्यक्ष, हुकुम सिंह, पुष्पराज सिंह मीडिया प्रभारी, प्रताप भान सिंह, शिवरतन सिंह, अजमेर सिंह, रमेशपाल सिंह, रामलक्ष्मण सिंह, सहेश सिंह, सुनील फौजी, जयदीप सिंह फौजी सरकार, केशव जाटव फौजी, आलोक यादव, अशोक सिंह सहित कई भूतपूर्व सैनिक शामिल होंगे।

शिक्षा और विद्यालय विकास के उद्देश्य से ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन

नवभारत न्यूज
मालनपुर, 30 मई। मालनपुर एसआरएफ फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से रूरल एजुकेशन के अंतर्गत शिक्षा और विद्यालय विकास के उद्देश्य से ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन सामुदायिक भवन, तोड़े वाली माता का पुरा में किया गया।मीटिंग की शुरुआत पुष्पेंद्र कुशवाह द्वारा बच्चों की पढ़ाई, विचार होना चाहिए प्रेरणा गीत से करते हुए समुदाय के लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं बैठक के उद्देश्यों को साझा किया गया।

इसी क्रम में एसआरएफ फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम अधिकारी चैनसिंह किरार ने समुदाय को संबोधित करते हुए विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र में एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा दी जा रही सुविधाओं से अवगत करवाया गया। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास में समुदाय की भागीदारी एवं जिम्मेदारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों के साथ-साथ सामुदायिक सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रशासन के सहयोग से आंगनवाड़ी केंद्र भवन के निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रधान सतेंद्र कुमार जैन ने छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने एवं विद्यालय विकास में समुदाय और अभिभावकों की सक्रिय भूमिका एवं उत्तरदायित्वों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समुदाय के सहयोग से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। बैठक के दौरान संस्था संस्था प्रधान सत्येंद्र कुमार जैन, एसएमसी अध्यक्ष कविता कौशल, एसआरएफ फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम अधिकारी चैनसिंह किरार प्रॉजेक्ट एसोसिएट रामलखन फील्ड ऑफिसर सुभाष बंसल, पुष्पेंद्र सिंह,समस्त एसआरएफ फाउंडेशन टीम सहित समुदाय से 53 लोग उपस्थित रहे।